Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give special package to farmers whose crops got damaged due to unseasonal rains.

श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (**औरंगाबाद**): सभापति महोदय, यह बहुत ही गंभीर बात है कि आज किसानों की मौत हमारे लिए सिर्फ एक आँकड़ा बन कर रह गई है।... (व्यवधान) यह जो किसानों के लिए कानून लाया गया था, उसमें 750 किसानों की मौत हुई। मेरे मराठवाड़ा क्षेत्र के अंदर पिछले एक साल में 756 किसानों ने आत्महत्या की हैं।... (व्यवधान) इसमें औरंगाबाद जिले के अंदर 150 किसानों और बीड जिले के अंदर 174 किसानों ने आत्महत्या की हैं। आज जब हमारे किसान एम.एस.पी. के बारे में आंदोलन कर रहे हैं तो हम इसका समर्थन करते हैं।... (व्यवधान)

सभापति महोदय, इतनी बारिश हुई है, महज़ सिर्फ पंचनामें किए जाते हैं, राज्य सरकार कहती है कि केन्द्र सरकार का हिस्सा हमें नहीं मिला है, इस वजह से हम किसानों के इंश्योरेंस का पैसा नहीं दे पा रहे हैं। राज्यों और केन्द्र सरकार के झगड़ों के बीच अगर इतने किसान आत्महत्या कर रहे हैं तो यकीनन इस देश के लिए बहुत चिंता की बात है।... (व्यवधान) इसलिए, हम केन्द्र सरकार से अनुरोध करेंगे कि बारिश की वजह से किसानों का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए केन्द्र सरकार की तरफ से एक विशेष पैकेज वहाँ के किसानों को दिया जाए।... (व्यवधान)